# राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

1. अपील संख्या – 578/2011/जयपुर.
2. अपील संख्या – 579/2011/जयपुर.
3. अपील संख्या – 580/2011/जयपुर.
4. अपील संख्या – 581/2011/जयपुर.
5. अपील संख्या – 582/2011/जयपुर.

मैसर्स स्टील ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड,
लैण्ड मार्क, महावीर मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर. ......अपीलार्थी.

बनाम

सहायक आयुक्त,
प्रतिकरापवंचन, राजस्थान–द्वितीय, जयपुर. .....प्रत्यर्थी.

**खण्डपीठ**
**श्री जे. आर. लोहिया, सदस्य**
**श्री अमर सिंह, सदस्य**

**उपस्थित : :**

श्री डी. कुमार, अभिभाषक ........अपीलार्थी की ओर से.

श्री वैभव कासलीवाल,
उप–राजकीय अभिभाषक ........प्रत्यर्थी की ओर से.

**निर्णय दिनांक : 07/03/2014**

## निर्णय

ये पाँच अपीलें अपीलार्थी व्यवहारी द्वारा वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन, राजस्थान वृत–द्वितीय, जयपुर (जिसे आगे **'कर निर्धारण अधिकारी'** कहा जायेगा) के अपीलार्थी की आलौच्य अवधि वर्ष 1998–99, 1999–2000, 2000–01, 2001–02 व 2002–03 के लिये केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम 1956 (जिसे आगे **'केन्द्रीय अधिनियम'** कहा जायेगा) की धारा 9(2) सपठित राजस्थान विक्रय कर नियम, 1995 के नियम 34 एवं राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 की धारा 100 के तहत पारित किये गये पृथक–पृथक आदेश दिनांक 22.02.2010 के विरूद्ध उपायुक्त (अपील्स), द्वितीय, वाणिज्यिक कर जयपुर (जिसे आगे **'अपीलीय अधिकारी'** कहा जायेगा), के समक्ष अपीलें प्रस्तुत की गयी थीं। अपीलीय अधिकारी द्वारा वित्त अधिनियम, 2010 में केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय अधिनियम में किये गये संशोधन के परिणामस्वरूप राजस्थान कर बोर्ड को स्थानान्तरित की गयी हैं।

इन पाँचों अपीलों में पक्षकार एवं विवादित बिन्दु समान होने से सभी अपीलों का निस्तारण एक ही निर्णय से किया जाकर निर्णय की प्रति प्रत्येक पत्रावली पर पृथक–पृथक रखी जा रही है।

लगातार...............2

प्रकरणों में तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि मैसर्स कामधेनु इस्पात लिमिटेड के भिवाड़ी स्थित व्यवसाय स्थल का सर्वेक्षण दिनांक 4.5.2002 को किया गया था। तत्पश्चात अपीलार्थी के दिल्ली स्थित व्यवसाय स्थल का दिल्ली के बिक्री कर अधिकारियों द्वारा जांच कराये जाने पर पाया गया कि अपीलार्थी द्वारा मैसर्स कामधेनु इस्पात लिमिटेड भिवाड़ी से अनुबंध के अन्तर्गत इस्पात के ब्लेंड्स, ब्लून्स व स्लेब्स आदि कच्चे माल से टोर, सरिया आदि निर्माण कराया जाकर अपीलार्थी को प्राप्त विविध ग्राहकों के क्रय आदेशों को मैसर्स कामधेनु लिमिटेड भिवाड़ी के निर्माण स्थल पर प्रेषित कर माल सीधे ग्राहकों को अन्तर्राज्यीय वाणिज्य व्यवहार में सप्लाई कराया जाता है, जो कि केन्द्रीय अधिनियम की धारा 3(ए) के तहत अन्तर्राज्यीय बिक्री की श्रेणी में आता है। फिर भी अपीलार्थी ने ऐसे विक्रयों को वर्ष 1998–99 से 2002–03 तक केन्द्रीय अधिनियम की धारा 6ए(2) के तहत अन्तर्राज्यीय बिक्री के इतर स्थानान्तरण दर्शाया जा रहा है। इसलिए कर निर्धारण अधिकारी ने माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण प्रतिप्रेषित किये जाने पर निम्न सारणी अनुसार विक्रयों पर दिनांक 22.2.2010 को कर निर्धारण कर, कर, ब्याज व धारा 65 के तहत शास्तियां आरोपित की हैं :–

| अपील संख्या | कर निर्धारण वर्ष | विवादित विक्रय | कर | ब्याज | शास्ति | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 578/11 | 1998–99 | 84,39,367 | 3,37,575 | 6,78,526 | 6,75,150 | 16,91,251 |
| 579/11 | 99–2000 | 1,19,28,645 | 4,77,146 | 8,44,548 | 9,54,292 | 22,75,986 |
| 580/11 | 2000–01 | 4,23,76,352 | 16,95,054 | 25,93,433 | 32,90,108 | 75,78,595 |
| 581/11 | 2002–03 | 2,35,09,378 | 9,40,375 | 10,25,009 | 18,80,750 | 38,46,134 |
| 582/11 | 2001–02 | 18,09,988 | 18,09,988 | 23,34,885 | 36,19,977 | 77,64,850 |

उक्त कर निर्धारण आदेशों से असहमत होकर अपीलार्थी द्वारा अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपीलें क्रमशः संख्या 4, 5, 6, 7 व 8/10–11 दायर की, जिनकी सुनवाई प्रारम्भ की गई। अपील सुनवाई प्रक्रिया में अपीलार्थी के विद्वान अभिभाषक ने उप–शासन सचिव (वित्त) कर अनुभाग द्वारा केन्द्रीय अधिनियम में नवीन धारा 18ए प्रतिस्थापित किये जाने तथा इस सम्बन्ध में राजपत्र में अधिसूचना दिनांक 1.6.2010 नियत तिथि अधिसूचित होने के कारण केन्द्रीय अधिनियम की धारा 6ए(2) व (3) के सम्बन्ध में विवादित अपीलों का क्षेत्राधिकार राज्य की उच्चतम अपीलीय प्राधिकारी राजस्थान कर बोर्ड को होना बताते हुए आवेदन दिनांक 21.2.2011 प्रस्तुत कर, यदि उचित हो, अपीलें कर बोर्ड को स्थानान्तरित करने का प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया, जिसे स्वीकार किया जाकर ये अपीलें कर बोर्ड को स्थानान्तरित हुई हैं।

उभयपक्ष की बहस सुनी गयी।

लगातार..............3

प्रस्तुत वर्तमान अपीलों में विवादित कर निर्धारण वर्ष 1998—99 से 2002—03 तक के निहित हैं, जिनमें पूर्व में ही मूल कर निर्धारण आदेश पारित किये जा चुके थे, जिनमें कामधेनु इस्पात से कराये गये जॉब वर्क को अपीलार्थी ने इसलिए घोषित नहीं किया, क्योंकि जॉब वर्क दिल्ली कार्यालय द्वारा कराया गया था। पुनः सर्वेक्षण के आधार पर कर निर्धारण किये गये थे, जिनके विरूद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपीलें आंशिक रूप से स्वीकार की गई थी तथा उनके विरूद्ध कर बोर्ड द्वारा अपीलीय आदेशों को अपास्त करते हुए प्रकरण प्रतिप्रेषित किये गये थे, जिनके विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में रिवीजन दायर किये गये थे तथा प्रकरण कतिपय निर्देशों व जांच हेतु प्रतिप्रेषित किये गये थे, जिनकी पालना में वर्तमान विवादित कर निर्धारण आदेश दिनांक 22.2.2010 पारित किये गये हैं। अपीलार्थी के विद्वान अभिभाषक के अनुसार SAIL दिल्ली तथा मैसर्स कामधेनु इस्पात के बीच हुए विवादित करारों का जयपुर SAIL का कोई सम्बन्ध ही नहीं था। इसलिए कामधेनु इस्पात से कराये गये Conversion के जॉब वर्क में कामधेनु इस्पात के जॉब वर्क के पश्चात स्वयं (कामधेनु) के स्टॉक यार्ड दिल्ली में माल SAIL दिल्ली को लौटाया जाना था। इस प्रकार प्रकरणों में 'एफ' फॉर्म प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष ही अपील प्रस्तुत की जा सकती है। अपीलीय अधिकारी ने विधिक प्रावधानों को सुविचारित किये बिना ही अपीलार्थी के विद्वान अभिभाषक के आवेदन को स्वीकार कर विधिक भूल की है, जबकि विद्वान अभिभाषक ने आवेदन में 'यदि उचित हो' तो प्रकरण स्थानांतरण किये जाने का जिक्र किया है। इस प्रकार उपलब्ध तत्कालीन प्रावधानों के आलोक में तथा प्रकरणों में 'एफ' फॉर्म प्रस्तुत नहीं होने के तथ्य के मद्देनजर कर निर्धारण अधिकारी के कर निर्धारण आदेशों दिनांक 22.2.2010 के विरूद्ध अपीलें अपीलीय अधिकारी के समक्ष ही प्रस्तुत की जा सकती है। अतः कर बोर्ड को प्रेषित अपीलें सुनवाई हेतु अपीलीय अधिकारी को लौटाई जाकर निर्देशित किया जाता है कि प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाकर गुणावगुण के आधार पर तीन माह में विधिसम्मत रूप से अपीलों का निष्पादन करें।

परिणामस्वरूप अपीलें प्रारम्भिक ऐतराज को स्वीकार करते हुए अपीलीय अधिकारी को लौटाई जाती हैं।

निर्णय सुनाया गया ।

7-3-14 7/3/14

( अमर सिंह ) ( जे. आर. लोहिया )
सदस्य सदस्य